तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



## शताब्दी वर्ष पर हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर से लगे ग्राम आसना में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन और विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इस मौके पर सामुदायिक भवन आसना में एकत्र हुए स्वयंसेवकों ने ध्वज की सलामी और संघ का गान के बाद प्रमुख मार्गो पर पथ संचलन किया। संघ की पोशाक में स्वयंसेवकों का अनुशासन देखते ही बन रहा था। सिर में टोपी और हाथ में डंडा लिए सारे लोग राष्ट्र भक्ति के रंग में डूबे हुए थे। संघ का शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुख्य वक्ता सहकार भारती प्रांत प्रमुख कन्नीराम नंदेश्वर ने संघ के इतिहास और वर्तमान स्थिति के साथ हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## आवेदन : पर्यवेक्षक सप्तगिरी को दावेदारों ने दिए आवेदन

# न शक्ति प्रदर्शन न तामझाम दिखा गजब का अनुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

पड़ोसी राज्य कोरापुट के सांसद तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक सप्तगिरी उल्का आज दूसरी बार कांग्रेस भवन पहुंचे। वे संगठन सृजन अभियान जो पूरे देश में कांग्रेस के द्वारा चलाया जा रहा है उसमें दावेदारों से आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। रविवार को भवन में गजब की शांति का माहौल था, जो कि कांग्रेस के प्रकृति के अनुकूल अक्सर नहीं होती हैं। सत्ता में हो तो अधिक और विपक्ष में हो तो थोड़ा कम । लेकिन शक्ति प्रदर्शन और भारी तामझाम का होना कांग्रेस की असली पहचान हैं। जब तक धनबल, बाहुबल और जनबल नहीं होगा तब तक किसी तरह की हलचल या वाद विवाद भी नहीं होता है। खुद कांग्रेसी भी इस बार हो रहे राष्ट्रव्यापी चुनाव को लेकर अचंभित हैं। असल में उपर से ही चुनाव को बेहद कठोर और शालीन बना दिया गया है। पहली बार पर्यवेक्षक किसी भी स्थानीय नेता के मेहमाननवाजी से दूर ▶▶|शेष पेज 12 पर



### सुशील का दो साल और प्रेम का 6 महिना

इस बार का चुनाव इसलिए भी रोचक हो गया है क्योंकि कार्यकाल जिन्होंने पूरा नहीं किया है उनकों भी चुनावी मैदान में उतरना पड़ रहा हैं। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य का दो साल पूरा हो गया हैं। वहीं ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला मात्र 6 महिने का ही कार्यकाल पूरा किए हैं। वैसे दोनों ही फिर से मैदान में जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं। सुशील को कई नेताओं से चुनौती मिल रही है। वहीं प्रेम शंकर के लिए रास्ता आसान है। क्योंकि कोई दमदार सामने नहीं हैं। वैसे नगरनार के नेता लैखन बघेल ग्रामीण की जगह शहर में दावेदरी कर रहे हैं।

### बड़े नेताओं ने बनाई दूरी

पर्यवेक्षक को जिलाध्यक्ष चुनने के लिए जिस तरह के गाइडलाइन और निर्देश मिले हैं। उससे लगता है कि जो भी जिलाध्यक्ष चुना जाएगा वह हर मापदंड में खरा उतरेगा। साफ सुथरी छवि के अलावा समाज और पब्लिक में जिसकी अच्छी पकड़ और नाम हो। जुझारू, ईमानदार और मददगार के साथ साथ आपराधिक पृष्ठभूमि में भी बेदाग हो। कुल मिलाकर कांग्रेस के लिए उपर से थोपा गया और बड़े नेताओं के पसंद का होना कतई मंजूर नहीं। यही कारण है कि सप्तगिरी के दूसरी बार आने के दौरान भी पार्टी के बड़े नेता किसी के लिए कोई भी लाबिंग नहीं कर रहे हैं। वहीं पर्यवेक्षक भी बिना किसी विवाद के निष्पक्षता से चुनाव की प्रकिया पूरी हो जाए इसका पालन करते हुए काम कर रहे है। सप्तगिरी के साथ दूसरा कोई नेता भी कमरे में साथ में नहीं बैठ रहा है। यह सब उपर से चल रहा अनुशासन का करामात है।




## लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर की समस्या पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम रजनीश सुराना की पहल पर सभागार में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर में बिजली संबंधी समस्याओं, विशेष रूप से लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर की समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान के लिए रणनीति बनाना था। बैठक में बिजली विभाग के ईई बीसी सिंह, एई अविनाश लकड़ा, और जेई अमित कुजूर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा नगर पंचायत सीएमओहुलसी प्रधान, अभियंता मुकेश ▶▶|शेष पेज 12 पर

### लो वोल्टेज का समाधान किया जाएगा

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा किपंचायत क्षेत्र में बिजली की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि लो वोल्टेज और अन्य समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बिजली विभाग के ईई ने कहा कि शीघ्र ही हम कार्य योजना बनाकर गीदम नगर पंचायत क्षेत्र के बिजली की सभी समस्याओं को दूर करेंगे। उन्होंने नागरिकों से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस योजना के माध्यम से नागरिक अपने घर में ही बिजली का उत्पादन कर सकते हैं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं।

## जिले में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- वन मंत्री ने किया बैंबू राफ्टिंग का उद्घाटन

कुम्हाररास बांध में आज वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने औपचारिक रूप से बैंबू राफ्टिंग का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कुम्हाररास बांध में शुरू हुई बैंबू राफ्टिंग पूरी तरह प्रकृति के अनुकूल है। बांस से निर्मित राफ्ट्स स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए हैं। इस नयी गतिविधि से इको-टूरिज़्म को मजबूती मिलेगी, पर्यटक जलाशय की हरियाली, जंगल और जैव विविधता का नजदीकी से अनुभव ले सकेंगे।

वन विभाग और जिला प्रशासन ने राफ्टिंग के साथ-साथ जंगल सफारी, होमस्टे और ट्रेकिंग जैसी गतिविधियों के जरिये स्थानीय सेवाओं को ▶▶|शेष पेज 12 पर



### वन विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त पहल

जिला प्रशासन के अफसरों का कहना है कि बैंबू राफ्टिंग वन विभाग और जिला प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है। अन्य परियोजनाओं में वन मंदिर निर्माण, दंतेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार, ढोलकाल का कायाकल्प तथा बारसूर में विभिन्न प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार शामिल है। इन पहलों से न केवल धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण होगा, बल्कि पर्यटन को भी मजबूती मिलती है।

## खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा : आईजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दुर्ग के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, सर्वाधिक मैडल पाए
- डीएवी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन

डीएवी संस्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में रंगारंग समापन रविवार को हुआ। महाआयोजन में राज्यभर के युवा खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा, अनुशासन और जोश का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने औपचारिक रूप से खेल ध्वज उतारकर प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। अपने उद्बोधन में आईजी ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो विद्यार्थियों में अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। यह केवल जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन के लिए महत्वपूर्ण मूल्यों को आत्मसात करने के बारे में है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनकी खेल भावना के लिए बधाई दी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के 6 क्लस्टरों के अंतर्गत आने वाले 73 डीएवी विद्यालयों से कुल 1023 खिलाड़ियों और 200 प्रशिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस और कुश्ती जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ, जिनमें खिलाड़ियों ने जबरदस्त ऊर्जा और खेल कौशल का परिचय दिया। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण रोमांचक रिले रेस ▶▶|शेष पेज 12 पर



# विधायक ने किया डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## तोकापाल ब्लॉक में विकास की नई राह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज तोकापाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत नैननार, भेजरीपदर, बोताबोड़ना एवं छापर भानपुरी में लगभग 10,69,270 लाख रुपए की लागत से बनने वाले डामरी करन सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन चित्रकोट विधानसभा के विधायक विनायक गोयल द्वारा संपन्न किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक गोयल ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा होती हैं। गांवों को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ना ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सबसे अहम कदम है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि हर गांव तक विकास की रोशनी पहुँचे और किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े।

उन्होंने आगे कहा कि इस सड़क निर्माण से ग्रामीणों को न केवल सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि कृषि उत्पादों के परिवहन, बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी। क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित यह मांग आज पूरी हो रही है। ग्रामीणों ने भरोसा जताया कि विधायक के नेतृत्व में तोकापाल ब्लॉक के विकास कार्य निरंतर गति पकड़ेंगे। विधायक ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य ग्रामीण हित से जुड़ा है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, बाबुल नाग, मेघराज ठाकुर, चन्द्रकान्ता भण्डारी, परदेशी कश्यप, शिव सूर्यवंशी, पुरन कश्यप जीवनाथ मौर्य, मुन्ना कश्यप, बंसी मौर्य, पिलुराम वेक्को, सोनमती घोष, दशमी कश्यप, बसंती कश्यप, गणेश सेठिया, नेहान्शु सिंह, बोला सेठिया, देवा पोयाम, कलावती कश्यप, बोण्डकू बघेल, हेमराज मौर्य, साधुराम मण्डावी, मन्धूराम कश्यप, सोनसिह ठाकुर, सतीश अग्रवाल, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों, ग्रामीणों एवं युवा साथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### जल ग्रहण क्षेत्र में भू-जल संरक्षण कार्यों की हुई कार्यशाला



**जगदलपुर।** बस्तर वन मंडल अंतर्गत दरभा परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1439 में जल ग्रहण क्षेत्र में भू-जल संरक्षण कार्यों की प्लानिंग हेतु वृत्त स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वन वृत्त जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी सुश्री स्टाइलो मंडावी एवं बस्तर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा वृत्त से आए हुए समस्त वन अधिकारी-कर्मचारियों एवं वन विद्यालय के प्रशिक्षु वनरक्षकों को ऑन फील्ड प्रशिक्षण दिया गया। इसमें भू-जल संरक्षण हेतु रिज टू वैली सिद्धांत पर आधारित प्रायोगिक जानकारियां विभागीय कर्मचारियों को दी गई।

### उमाशंकर के पुत्र साकेत और पूर्व नपा अध्यक्ष कविता ने की दावेदारी





**जगदलपुर।** कांग्रेस पर्यवेक्षक सप्तगिरी उल्का के समक्ष आज वरिष्ठ नेता पं उमाशंकर शुक्ल के पुत्र साकेत शुक्ला और नगर निगम की पूर्व अध्यक्ष कविता साहू ने भी शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए अपना आवेदन सौंपा।

## रेलवे कब्जाधारियों पर बुलडोजर चलने से लाखों का नुकसान

# 32 परिवारों के मकान हुए जमींदोज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रेलवे की जमीन पर वर्षो से अतिक्रमण कर झुग्गी बस्ती बनाकर रहने वाले 32 परिवार के घरों पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर जमींदोज किया गया। करीब 4 दशक से रह रहे मकानों पर रेल प्रशासन का तोड़ू दस्ता जेसीबी और पोकलेन मशीन की सहायता से अवैध मकानों को ढहा दिया। कब्जा धारियों के विरुद्ध एकाएक हुए कार्रवाई से अनेक गरीब वर्ग के लोग एकबार में सड़क पर आने से काफी बवाल हुआ। इसकी जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य और नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,वॉर्ड पार्षद कोमल सेना पीड़ित परिवार के साथ खड़े होकर रेलवे की इस कार्रवाई का विरोध किया। घर पर रखा अलमारी,बर्तन,फर्नीचर, टीवी, पंखा कपड़ा,समेत कुछ कीमती सामान का भारी नुकसान होना बताया गया। रेलवे की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के लोगो का कहना है,कि कार्रवाई का टाइमिंग गलत है। आने वाले दिनों में दीपावली का पर्व है। ऐसे में पीड़ित परिवार अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ पर्व कैसे मनाएंगे। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के दर्जनों सुरक्षा कर्मी,रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के ऑफिस इंचार्ज एवं आरपीएफ के जवान तैनात थे।

***पीएम आवास की स्वीकृति दी गई***

बिना सूचना के रेल प्रशासन ने बुलडोजर लेकर पहुंचा और 32 मकानों को तोड़ दिया है। मकानो को तोड़े जाने को लेकर पीड़ितों ने बोधघाट थाने में पहुंच कर शिकायत की है और रेलवे प्रशासन पर जबर्दस्ती तोड़े जाने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि रेलवे ने कोई नोटिस न देकर बुलडोजर की कार्यवाही की है।

***पीड़ितों को विस्थापित करेंगे***

महापौर संजय पांडे ने सभी पीड़ितों को विस्थापित करने की बात कही है और कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा कि जो कांग्रेस अपने शासन काल में खुद गरीबों के मकानों को तोड़ती है और अब राजनीति कर रही है। भाजपा ने जब इसी कार्रवाई का 2022 में विरोध किया था,तो कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने भाजपाइयों के विरुद्ध एफआईआर तक दर्ज करा दी थी।

### 30 सितंबर को नोटिस जारी

कार्रवाई से पहले एसडीएम व पुलिस को सूचना दी थी। 30 सितंबर को सभी अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द कब्जा खाली करने के निर्देश भी दिए। किसी ने भी कब्जा खाली नहीं किया। अवैध कब्जे पर कार्रवाई के लिए रेलवे प्रशासन ने 11 अक्टूबर की तारीख तय की थी और इसी के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं है। रेलवे बीते कई सालों से लगातार रेलवे की जमीन खाली करने लोगों को नोटिस जारी कर रहा है,लेकिन किसी ने भी इसे गंभीरता से नहीं लिया, इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी।

**नागाप्रसाद, एडीईएन रेलवे**

## वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ डे पर हुआ पोस्टर स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ डे के उपलक्ष्य पर मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं के साथ ही एमबीबीएस छात्राओं के द्वारा सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान को लेकर पोस्टर बनाया गया था, इसमें निर्णायक जनों को इसके हानि के बारे में बताया गया। पोस्टर के बारे में जानकारी देते हुए एमबीबीएस छात्रा आयुषी चौधरी ने बताया कि आज के युग में देखा गया है कि छोटे से लेकर बड़े लोग फोन से जुड़ गए हैं। छोटे बच्चे पैदा होने के साथ ही परिजन उसे फोन का आदि कर चुके है, अधिकतर घरों में देखा गया है, जब भी बच्चें खाना खाने से मना करते है तो मां पिता उसे फोन देकर चुप कराया जाता है। इसके अलावा बच्चे बाहर खेलना छोड़ दिनभर फोन खेलते रहते हैं, ऐसे में बच्चों को छोटे उम्र में ही चश्मा लग जाता है। वही बच्चें बाहर नही खेलने से उनका शरीर में ग्रोथ नहीं हो पाता है। साथ ही आने वाले समय मे काफी नुकसान बच्चों को उठाना पड़ता है, इसलिए जितना हो सके, बच्चों को फोन से दूर रखते हुए परिजनों को बच्चों को समय देने के साथ ही उन्हें बाहर घुमाने के साथ ही दूसरे खेलों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें बाहर खेलने दें। इस प्रतियोगिता के संबंध में मेकाज डीन डॉ. प्रदीप बेक ने कहा कि पोस्टर के माध्यम से बच्चों ने बहुत अच्छी बातों को बताया है, जिससे अधिकतर देखा जाता है कि ज्यादा से ज्यादा समय फोन में बिताते हैं, जिसके कारण हमारे आखों को काफी नुकसान होता है, इसलिए ऐसे में जितना हो सके। फोन का कम उपयोग करना चाहिए, पोस्टर के दो पहलू बताया गया है कि हमें क्या अपनाना है और क्या छोड़ना है, इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# घाटलोहंगा स्कूल में अधिकारी पहुंचे 7.28 पर, अध्यापक आए 8 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



■ संयुक्त संचालक राकेश पांडे और सहायक संचालक राजेश

संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडे एवं सहायक संचालक राजेश मिश्रा ने ग्राम घाटलोहंगा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण शनिवार को किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की लापरवाही और अनुशासनहीनता सामने आई, जिस पर जेडी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के लिए अधिकारी सुबह 7:28 बजे विद्यालय पहुंचे, लेकिन अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए गए।

उपस्थित कुछ शिक्षकों की सहायता से अधिकारियों ने स्वयं विद्यालय में प्रार्थना का आयोजन किया। सुबह 8 बजे तक भी कई शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे। संयुक्त संचालक ने समय का पालन और अनुशासन में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल को निर्देश दिए कि संबंधित शिक्षकों का वेतन रोका जाए तथा नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की स्थिति खराब पाई गई। जेडी ने देर से पहुंचे अध्यापक को समझाईश देते कहा कि कक्षा में बच्चे अध्यापक का इंतजार करें ऐसी स्थिति आएगी तो सम्मान बढ़ेगा, इसके लिए अनुशासन जरूरी है।

### शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश

सुनीता भागवत, सीमा कौशिक, अख्तरी बेगम, नीरू मिश्रा, रोमांचल पांडे और महजबी खान के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा में भी स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। सहायक संचालक राजेश मिश्रा ने वहां उपस्थित आठ शिक्षकों के साथ प्रार्थना कराई और अनुपस्थित शिक्षकों की सूची तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी। संयुक्त संचालक ने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जगदलपुर में वार्ड ब्वॉय एवं आया भर्ती परीक्षा में 75.49 प्रतिशत उपस्थिति



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया भर्ती परीक्षा का आयोजन जगदलपुर और आसपास के 30 केंद्रों पर किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक चली इस परीक्षा में 9,509 पंजीकृत छात्रों में से 7,169 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिससे उपस्थिति दर 75.49% दर्ज की गई। अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 2,340 रही।

परीक्षा समन्वयक डॉ अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, जैमर सहित सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। सभी परीक्षा केंद्रों में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। व्यापम के नियमों का कड़ाई से पालन के फलस्वरूप पूरी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या अनियमितता की सूचना नहीं मिली।

## भोपालपटनम में सुरेश राव गोटा बने फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के निर्देशानुसार आज विकासखंड भोपालपटनम में ब्लॉक अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी ब्लॉक पर्यवेक्षक इकबाल खान और किशोर दुर्गम ने पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ की।

इस चुनाव में दो प्रत्याशी सुरेश राव गोटा और नागेश गोरला ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया था। ब्लॉक में कुल 250 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 120 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें सुरेश राव गोटा को 99 मत प्राप्त हुए, जबकि नागेश गोरला को केवल 21 मत मिले। इस प्रकार सुरेश राव गोटा ने भारी बहुमत से एकतरफा जीत दर्ज करते हुए भोपालपटनम ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में चयनित हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान फेडरेशन के प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर

प्रदेश संगठन मंत्री महेश शेट्टी, जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला संगठन मंत्री राजन्ना आनकारी, राकेश गिरी, जिला उपाध्यक्ष शेख आसम, कार्यकारी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर वासम तथा एम. गटैया, महेश यालम, रामचंद्रम बीरा, प्रशांत पामभोई, जय हिंद लाटकर, राजेंद्र एट्टी, मलैया दुर्गम, सुभाष गुर्रम, ईश्वरोज प्रसाद, राजकुमार कोण्ड्रा और आर. पवन सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।




